## खास-खबरें

### बरगद के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**शाजापुर।** पेड़ पर युवक का शव लटका होने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मंगलवार को देवला बिहार निवासी धर्मेंद्र पाटीदार का शव गांव के बरगद पेड़ पर लटका हुआ मिला। परिजनों को जानकारी लगी कि डाबरी वाले कुंए पर धर्मेंद्र का शव लटका हुआ है तो उन्होने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिलने की बात भी सामने आ रही है, हालांकि सुसाइड नोट में क्या लिखा है? इसका पुलिस ने अभी खुलासा नहीं किया है और मामले की जांच शुरू की है।

### नेत्र शिविर में 122 नेत्र रोगियो का परीक्षण किया

**गंजबासौदा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेंटर मिल रोड पर स्थित विजन सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 122मरीज के नेत्र परीक्षण किया प्रारंभ में सदगुरु के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर राजकरण वर्मा समाज सेवी भगवान दास साहू मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघटन के प्रांतीय प्रभारी डॉ ऐकेजैन एवं जिला प्रभारी गणेश राम रघुवंशी ने स्वर्गीय श्रीरणछोड दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की शिविर सहयोगी एवं समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी इस शिविर में 21मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया 29लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई 17 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए वहीं 56 मरीजों को दवाइयों का वितरण भी किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय में एक माह का विलंब

**गंजबासौदा।** महिला बाल विकास के अधीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को विगत 3 महीने से मानदेय मिलने में एक महीने का विलंब का सिलसिला चल रहा है हाल ही में माह फरवरी का मानदेय मार्च के लास्ट दिन मिलने का मैसेज कार्यकर्ताओं के पास आया पूर्व में भी इसी तरह का सिलसिला चल रहा है मार्च महीने का के मानदेय पर आश्रित कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की आशा बंधी हुई है क्योंकि छोटी आय के यह कर्मचारी उधारी से घरेलू खर्च चलाते रहते हैं इनके त्यौहार भी मानदेय मिलने के ऊपर प्रभाव नहीं डाल पाते । विडंबना यह है कि इनकम पगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को विभाग और नई अन्य कोई सूत्र इनकी पगार मिलने की तारीख नहीं बता पाते हैं नतीजा यह वर्ग जीव का उपार्जन के लिए जताने वाले साधनों में साहूकारों से बायदा खिलाफी का तमगा लेकर अपमानित भी होना पड़ रहा है यह वर्ग वामुश्किल अपना घर खर्च चला पा रहा है।

### 5 अप्रैल को कृषि उपज मंडी बंद रहेगी

**गंजबासौदा।** कृषि उपज मंडी में 5 अप्रैल को उपज की नीलामी बंद रहने की सूचना कृषि मंडी द्वारा जारी की गई है बताया जाता है कि 5 अप्रैल शुक्रवार को मां कर्मा देवी जयंती का अवकाश है। इस समय कृषि उपज मंडी में अत्यधिक आवक है दिल्ली आने वाली आवक की ट्रालियां उसी दिन नीलम नहीं हो पा रही हैं इसके अलावा जींस के भाव भी काफी नीचे आ गए हैं जो पिसी 1544 एक हफ्ते पूर्व 3000 के आसपास चल रही थी अब 2400 के नीचे आ गई है शासन द्वारा भी समर्थन मूल्य के केंद्र प्रारंभ कर दिए गए हैं परंतु समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदारी के लिए किसान को अपनी उपज की क्वालिटी के लिए तीन-तीन परीक्षणों से गुजरकर पास कराना पड़ रही है तब कहीं वह समर्थन मूल्य के केंद्र में क्रय की जा पा रही है इस अनावश्यक जांच पड़ताल के चलते किसान मजबूरी में अपनी उपज कृषि उपज मंडी में ले जा रहा है जहां किसान को सिर्फ नगद पैसा मिल रहा है वाकी दरों में काफी गिरावट होती जा रही है।

# कलेक्टर तथा एसपी ने उदयपुरा विधानसभा में निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

## ईवीएम स्ट्रांग रूम, उपकोषालय स्ट्रांग रूम तथा निर्वाचन शाखा का किया निरीक्षण

**रायसेन।**

**जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण सभी विकासखण्ड मुख्यालयों पर 01 अप्रैल से 03 तक दिया जा रहा है।**



मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा उदयपुरा पहुंचकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्र-140 उदयपुरा के ईवीएम स्ट्रांग रूम शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरेली तथा तहसील कार्यालय बरेली में उपकोषालय स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा तहसील कार्यालय बरेली में निर्वाचन शाखा का भी निरीक्षण कर निर्वाचन कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन और मतदान अधिकारियों से कहा कि वह पूरी लगन और निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में मतदान दलो की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा गाइडलाइन का सभी भली-भांति अध्ययन कर लें तथा किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही समाधान कर लें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वह ईवीएम की कार्यप्रणाली, संचालन संबंधी प्रशिक्षण पूरे मनोयोग से प्राप्त करें।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉकपोल, मॉकपोल का क्रम, मॉकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी गई।

**ईवीएम स्ट्रांग रूम, उपकोषालय स्ट्रांग रूम तथा निर्वाचन शाखा का किया निरीक्षण:** कलेक्टर श्री दुबे तथा एसपी श्री विकास शहवाल द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरेली पहुंचकर उदयपुरा विधानसभा के ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके उपरांत उन्होंने तहसील कार्यालय बरेली में उपकोषालय स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में ही स्थित निर्वाचन शाखा का भी निरीक्षण कर कलेक्टर श्री दुबे ने निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियों तथा तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों, कर्मचारियो को दिशा-निर्देश दिए।

### बंदियों के अधिकारों का संरक्षण हमारा कर्तव्य है: प्रधान जिला न्यायाधीश



**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा द्वारा मंगलवार को जिला जेल सीहोर का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाकशाला, जेल डिस्पेंसरी, स्टोर रूम, महिला सेल तथा अन्य बंदियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया गया।

महिला सेल के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के साथ निरूद्ध बच्चों के पोषण, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली गई। उनके द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित निराकरण हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया गया।

पाकशाला के निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भोजन की गुणवत्ता जानने के लिए उसे चखा गया। साथ ही स्टोर रूम निरीक्षण के दौरान गेहूं, चावल, दाल आदि सामग्री की गुणवत्ता भी देखी गई। उक्त निरीक्षण के साथ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया।

जिसमें सतीश चंद्र शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश सीहोर द्वारा बंदियों को बताया गया कि आपके बचाव हेतु गुणवत्तापूर्ण पैरवी के लिए दृष्टिगत रखते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स की नियुक्ति की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बंदियों के अधिकारों का संरक्षक है एवं बंदियों के अधिकारों का संरक्षण हमारा कर्तव्य है।

मुकेश कुमार दांगी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना, प्ली बारगेनिंग, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना एवं नालसा, सालसा की योजनाओं, शासन की अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



# चोरों ने अनाज की बोरियां चुराने तोड़ दी मंडी की दीवार

**औबेदुल्लागंज।** कृषि उपज मंडी औबेदुल्लागंज अव्यवस्थाएं फैलती जा रही है। अर्जुननगर के चोर पहले मंडी में जा रहे किसानों की ट्रालियों से धान की बोरी उतार लेते थे। इस पर कार्रवाई ना होने के कारण इनके हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब इन्होंने कृषि उपज मंडी की दीवार ही तोड़ दी है, ताकि अब यह मंडी में रखे अनाज की बोरियां चुरा सके। एक दीवार तोडने़ के बाद चोर अब दूसरी ओर की दीवार तोडने़ लगे हैं, लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं।

अर्जुननगर के लोगों ने बताया कि होली की रात कुछ चोरों ने कुछ व्यापारियों की अनाज की बोरियां भी चुराई, लेकिन कोई भी व्यापारी थाने शिकायत करने नहीं पहुंचा। कृषि उपज मंडी में एक दर्जन से अधिक गार्ड हैं, इसके बावजूद चोरों ने रात में दीवार तोड़ दी है। 15 दिन पहले एक दीवार गिराने के बाद अब चोर हिरानियां सोसाइटी के अंदर की मंडी की दीवार तोड़ रहे हैं। इस संबंध में बात करने के लिए सचिव अर्चना ठाकुर से फोन पर बात करना चाही, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# विश्व ऑटिजम-स्वालीनताः गर्भावस्था-नवजात अवस्था और बच्चों द्वारा अत्याधिक मोबाइल के उपयोग भी एक कारण : डॉ.नीति

**विदिशा (निप्र)।**

**विश्व ऑटिजम-स्वालीनता जागरूकता दिवस पर आईएपी विदिशा द्वारा स्थानीय उम्मीद शिक्षण समिति संस्था में जागरूकता संगोष्ठी संपन्न हुई।**



अटलबिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा की विभाग प्रमुख और आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीति अग्रवाल ने बताया कि आज ऑटिजम एक विकास संबंधी समस्या है जिसे मेडिकल भाषा में ऑटिजम स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर कहा जाता है। 65 बच्चों में एक बच्चा पीड़ित पाया जा रहा है। अन्वेषणों से ज्ञात हुआ है कि ऑटिजम के अनेक कारण हो सकते हैं। प्रमुख रूप से गर्भ के समय और जन्म के बाद मोबाइल का अत्याधिक उपयोग भी एक कारण हो सकता है।

आईएपी विदिशा शाखा अध्यक्ष एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.एमके जैन ने बताया कि ऑटिजम-स्वालीनता एक मानसिक और वातावरणीय विकास संबंधी विकार है, जिसके कारण बच्चे का दिमाग़ अलग तरीक़े से सोचता है बच्चे जुनूनी होते है। अपने आप में मस्त रहते, दुनियादारी से मतलब नहीं रखते, खाने-पीने, पढ़ने-लिखने, सोचने-समझने तथा सामाजिक संबंध बनाने से कतराते है। गर्भ के दौरान वायरल इन्फेक्शन, कुपोषण या अन्य किसी समस्या या कम वजन अथवा कम समय में बच्चे का पैदा हो जाना या पैदा होने पर देर से सांस लेना भी देखा गया है। पीड़ित बच्चों में लक्षण पाये जाने पर शीघ्र निदान उपरांत आवश्यक फ़िज़ियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, कौशल विकास और बौद्धिक विकास थेरेपी तथा उपचार प्रारंभ किया जाना चाहिए।

शाखा के कोषाध्यक्ष डॉ दीपक उईके, शाखा सचिव एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र सोनकर ने कार्यक्रम का संचालन करते बताया कि आईएपी विदिशा अपने गठन से ही बच्चों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उम्मीद शिक्षण संस्था एक अच्छा कार्य कर रही है। उम्मीद शिक्षण संस्था प्रभारी श्रीमति रेखा मोटवानी ने बच्चों के हित में किए जा रहे कार्यों का प्रभावी विवरण प्रस्तुत किया। उनके सहयोगी सदस्यों ममता शर्मा, हेमंत उपाध्याय, तनुजा शुक्ला, डॉ विवेक लड़िया, निधि तिवारी, रक्षा तिवारी, मनोज शुक्ला, डॉ जितेंद्र, डॉ.डीप मेहरा भी उल्लेखनीय रूप से संगोष्ठी में सम्मिलित रहे।

# एक वोट एक नोट धार महिला कांग्रेस द्वारा प्रचार का नया तरीका

**पीथमपुर।**

धार जिला कांग्रेस की बैठक में जिला महिला कांग्रेस द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी महिला मतदाताओं से संपर्क किया जाएगा इसके लिए अलग-अलग टीम में बनाई गई है सभी विधानसभा में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता महिला मतदाताओं से जनसंपर्क करेंगे तथा एक वोट एक नोट की मांग करेंगे।

उन्हें बताया जाएगा की भाजपा फर्जी घोषणाएं करती है लाडली बहन योजना में 10 किस्तों के बाद भी 3000 नहीं दिए गए 10000 देने की बात कही गई थी इसी तरह विश्वकर्म योजना में भी हजारों महिलाओं से फॉर्म भर लिए 15000 देने की बात कही थी ?500 15 दिन के ट्रेनिंग के देने की बात कही गई थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन मांगे गए सरकारी एजेंसी नगर परिषद द्वारा महिलाओं को कोई सहयोग न कर एमपी ऑनलाइन से आवेदन मांगे गए थे।



कई महिलाओं ने 200 400 वह 500 तक फार्म के दिए हैं मजदूर महिलाएं 2 दिन एवं तीन दिन की मजदूरी छोड़कर एमपी ऑनलाइन के चक्कर में लगी रही महिलाओं का नुकसान हुआ विशेषता यह है की योजना की अंतिम तारीख नहीं बताई जा रही है साथ ही बहाना बनाया जा रहा है कि 4 जून तक आचार संहिता लगी हुई है भाजपा को मालूम था चुनाव है फिर विश्वकर्म योजना के फार्म क्यों भर गए और फॉर्म भर आए गए थे तो महिलाओं के खाते में पैसे 15000 दिए जाने थे क्यों नहीं दिए गए।

इसी तरह पिछले चुनाव में सभी के खाते में 15 लख रुपए आने की बात कही गई थी परंतु आज दिनांक 15 पैसे भी नहीं आए धार जिला महिला कांग्रेस प्रत्येक मतदाता उसे संपर्क कर भाजपा की फर्जी घोषणाओं की जानकारी देगी।

### जिले के 267 मतदान केन्द्रो पर महिला एवं पुरूष मतदानकर्मी नियुक्त होंगे

**विदिशा ( निप्र )।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत विदिशा जिले के 267 मतदान केन्द्रो पर महिला और पुरूष मतदानकर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से मतदान तिथि सात मई को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि ऐसे मतदान केन्द्र जहां महिला और पुरूष द्वारा मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाएगा उन मतदान केन्द्रो पर दो पुरूष मतदानकर्मी क्रमशः पीठासीन अधिकारी और मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक नियुक्त किए जाएंगे जबकि दो महिला मतदानकर्मी भी नियुक्त की जाएंगी जो मतदान दल अधिकारी क्रमांक दो और मतदान दल अधिकारी क्रमांक तीन के निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इनमें सर्वाधिक विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 108 मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए है, जबकि बासौदा में 58, कुरवाई में 24, सिरोंज में 51 और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 26 मतदान केन्द्रों पर महिला व पुरूषकर्मियों द्वारा मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाएगा।

#### पांच मतदान केन्द्रो का संचालन करेंगे दिव्यांगजन

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक मतदान केन्द्र का संचालन दिव्यांगजनों द्वारा किया जाएगा। निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप यह प्रयोग जिले में किया जा रहा है।

# सरपंच पर आंगनवाड़ी सहायिका ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाजापुर।**

**आंगनवाड़ी सहायिका ने गांव के सरपंच पर छेडख़ानी कर गाली-गलौच करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर शिकायती आवेदन सौंपा है।**

ग्राम पचोला बनहल के आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका ने अजाक थाना शाजापुर पर शिकायती आवेदन देकर बताया कि गांव का सरपंच केंद्र पर आकर छेडख़ानी करता है और विरोध करने पर गाली-गलौच करता है। कार्यकर्ता का आरोप है कि गांव की अन्य महिलाएं भी सरपंच के इस कृत्य से परेशान हैं, जिसको लेकर सुनेरा थाने पर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन राजनीतिक सरंक्षण की वजह से सरपंच के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की जा रही है। आवेदन में पीड़िता ने सरपंच के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

#### कुंआ बनाने में भी भ्रष्टाचार का आरोप

शाजापुर पहुंची आंगनवाड़ी सहायिका ने अजाक थाने के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर भी शिकायती आवेदन दिया। कलेक्टर कार्यालय में दिए गए आवेदन में सहायिका ने आरोप लगाया है कि गांव का सरपंच नियम विरूद्ध ढंग से कुंए का निर्माण कर रहा है।

मनरेगा के तहत बनाए जा रहे कुंओं में मजदूरों की बजाय जेसीबी और पौकलेन मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसीके साथ कुओं का निर्माण भी निर्धारित दूरी से नही करते हुए पास-पास कर दिया गया है। सहायिका का आरोप है कि सरपंच कुआ निर्माण में भ्रष्टाचार कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। आवेदन में जांच किए जाने की मांग की गई है।

# अखाड़े के कोच ने नाबालिक से की छेड़छाड़, 3 साल की सजा

**सीहोर।**

**अखाड़े के कोच ने नाबालिग बालिका के साथ बुरी नियत से छेड़खानी करने पर 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया । यह फैसला विशेष न्यायाधीश पास्को अभिलाष जैन ने सुनाया।**

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने करते हुए बताया कि पीड़िता द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 23 को पुलिस महिला थाना सीहोर पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि दिनांक 23 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे मैं तथा मेरा छोटा भाई घर पर थे, मेरे माता-पिता काम पर गये थे, तभी मोहल्ले का आखडे का कोच संतोष मेरे घर आया और मेरे माता-पिता के बारे में पूछने लगा और कहने लगा कि घर पर आना कुछ काम हैं, मैं थोड़ी देर बाद संतोष के घर गई तो उसने घर की खिडक़ी बंद कर दी और बोला कि मेरे पास आओ और मेरा बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया, मैं जोर से चिल्लाई और हाथ छुड़ाकर वहां से भाग गई, मेरे माता-पिता घर पर नहीं थे तब मैं अपने चाचा-चाची के घर गई तो संतोष वहां भी आ गया और मुझे आंख दिखाकर डराने लगा। मैंने डर के कारण उक्त बातें अपने माता-पिता को नहीं बतायी और फिर संतोष मेरे घर बार-बार चक्कर लगा रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई थी फिर शाम को घटना मैंने अपने माता-पिता को बतायी। पीड़िता की उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर महिला थाना सीहोर में अपराध पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एंव लिखित तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी संतोष मालवीय (40) पिता रमेश कुमार मालवीय निवासी दशहरा वाला बाग मंत्री पेट्रोल पम्प के पीछे इन्दौर नाका सीहोर को दोषी पाते हुये 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 02 वर्ष का सश्रम कारावास और कुल 1,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं न्यायालय द्वारा पीड़िता को 50 हजार रूपये प्रतिकर दिये जाने का आदेश पारित किया।

### 959 मतदान केन्द्रो पर केवल पुरूष मतदानकर्मी नियुक्त होंगे

विदिशा (निप्र)। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के कुल 1341 मतदान केन्द्रो में से 959 मतदान केन्द्रो पर मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु पुरूष मतदानकर्मी नियुक्त किए जाएंगे। हरेक मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान दल अधिकारी क्रमांक क्रमशः एक, दो, तीन का दायित्व पुरूष मतदानकर्मियों के द्वारा निर्वहन किया जाएगा। इनमें विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 117 मतदान केन्द्र है, इसी प्रकार बासौदा में 178 मतदान केन्द्र,दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा।

# राजस्व अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों का किया जा रहा है निरीक्षण

**सीहोर।** जिले के उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन का कार्य सुगमता से संचालित किया जाए इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने राजस्व अधिकारियों को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान खरीदी



केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नामी, हम्मालो की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देख रहे हैं और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दे रहे हैं। समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें।